तव-सारो

(तप सार)

मंगल आशीर्वाद:

परम पूज्य सिद्धांत चक्रवर्ती राष्ट्रसंत
आचार्य श्री विद्यानंद जी मुनिराज

ग्रंथकार :

आचार्य वसुनंदी मुनि

जिनशासन नायक भगवान् महावीर स्वामी के 2550वें निर्वाण महोत्सव पर परम पूज्य राष्ट्र हितैषी संत, अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज द्वारा वी. नि. सं. 2550-2551 (सन् नव. 2023-नव. 2024) को **"अहिंसकाहार वर्ष"** के रूप में उद्घोषित किया गया। इसी **"अहिंसकाहार वर्ष"** के उपलक्ष्य में प्रकाशित

ग्रंथ : तव-सारो (तप सार)

मंगल आशीर्वाद : परम पूज्य सिद्धान्त चक्रवर्ती राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 विद्यानन्द जी मुनिराज

ग्रंथकार : आचार्य श्री वसुनंदी जी मुनिराज

सम्पादन : आर्यिका वर्धस्वनंदनी

संस्करण : प्रथम (सन् 2024)

प्रतियाँ : 1000

मूल्य : सदुपयोग

प्रकाशक : निर्ग्रन्थ ग्रंथ माला समिति (रजि.)

ISBN : **978-93-94199-65-1**

प्राप्ति स्थल : सी 117 बेसमेंट सैक्टर 51, नोएडा-201301
मो. 9971548889, 9867557668, 8800091252

मुद्रक : मित्तल इंडस्ट्रीज़, नई दिल्ली
मो. 9312401976

Visit us @ www.acharyavasunandi.com

सम्पादकीय

विरला जाणहिं तत्तु बुह, विरला णिसुणहिं तत्तु।
विरला झायहिं तत्तु जिय, विरला धारहिं तत्तु॥

—आचार्य योगिन्दु, योगसार, 66

विरले ही विद्वान् आत्मतत्त्व को जानते हैं। विरले ही श्रोता तत्त्व को सुनते हैं। विरले ही जीव तत्त्व को ध्याते हैं और विरले ही तत्त्व को धारण करके स्वानुभवी होते हैं।

आध्यात्मिक जगत् में अध्यात्मवेत्ताओं के द्वारा अन्वेषण करके तत्त्व के सूक्ष्म से सूक्ष्म तथ्य तक पहुँचा जाता है। वे स्वयं तत्त्वज्ञान को आत्मसात् कर भव्यजीवों के लिए देशना देते हैं। अपनी आत्मा को कर्मों से पृथक् कर उसे शुद्ध करने का पुरुषार्थ ज्ञानी-ध्यानी निर्ग्रन्थ दिगंबर श्रमण सदैव करते रहते हैं। आत्मा से कर्मों को नष्ट कर उसे शुद्ध करने की प्रक्रिया तप है। तपाने से अशुद्ध वस्तु शुद्ध होती है एवं शुद्ध होकर वह दीप्तिमान् हो जाती है। जिस प्रकार अग्नि में तपकर काष्ठ राख हो जाती है उसी प्रकार जीव के कर्म तप अनल में जलकर नष्ट हो जाते हैं।

''कर्मक्षयार्थं तप्यत इति तपः'' कर्मक्षय के लिए तपना तप है। जैसे तिलों में तेल, दधि ने घृत विद्यमान है उसी प्रकार मनुष्य की आत्मा में सर्वोच्च प्राप्तव्य वस्तु विद्यमान है। किन्तु जिस प्रकार तिलों को घानी में पेले बिना तेल एवं दधि को मथे बिना घृत प्राप्त नहीं होता उसी प्रकार तप के बिना आत्मा की शुद्ध दशा की प्राप्ति संभव नहीं। जिस प्रकार वैश्वानर की निर्धूम लपटें किट्टकालिमा युक्त कलधौत को शुद्ध हाटक रूप प्रकट करती हैं इसी प्रकार तप की शुद्ध अनल में अनादिकाल से संसार में परिभ्रमण करता हुआ भव्य बहिरात्मा स्वकीयदशा को शुद्ध सिद्ध परमात्मा रूप प्रकट करता है।

सूर्य तपकर संपूर्ण विश्वको प्रकाश वा ऊर्जा देता है, पृथ्वी तप से अन्नादि उत्पन्न कर प्राणी-जगत् का पालन करती है। कुछ विशेष संप्राप्ति हेतु तपना आवश्यक है। **''तपः शक्तिरहो परा''**[1] अर्थात् तप एक अद्‌भुत शक्ति है। जिस प्रकार दिवाकर का मुख्य उद्देश्य अंधकार का निर्मूलन और शीत बाधा का अपहरण होता है उसी प्रकार उभय तप का मुख्य उद्देश्य वासनाओं का उन्मूलन और कषायों का शमन होता है। तप करने से ही कर्मों की निर्जरा होती है। संयम रूप तप-साधना के बिना निःश्रेयस की कल्पना भी संभव नहीं। क्योंकि **''तपसा निर्जरा च''** -तपस्या निर्जरा का कारण है।

उत्तम मनुष्यजन्म पाकर, सप्त तत्त्व को जानकर, मन-सहित पंचेन्द्रियों का निरोध कर, निर्वेद (वैराग्य) अवस्था को धारण कर तथा समस्त संग का परित्याग कर वनगमनपूर्वक तपधर्म का पालन करना योग्य है। उत्तम तपोधर्म वहाँ है, जहाँ परिग्रहों का त्याग किया गया है, जहाँ कामदेव का दर्प खण्डन किया गया है, जहाँ नग्नत्व (दिगंबर मुनिराजों) का दर्शन होता है। तपोधर्म गिरि-कन्दराओं में निवास करने का परामर्श देता है, उसमें उपसर्गों को सहन करने की क्षमता है। तपोधर्म रागादि का विजेता है।[2] तप से ही स्व-पर का बोध होता है, भेदविज्ञान होता है, कर्मों का क्षय होता है, केवलज्ञान की उत्पत्ति होती है तथा शाश्वत-सुख नित्य सम्पद्यमान हो जाता है। संयम युक्त उर्वरा तपोभूमि पर भव सुख के अनुपम पुष्प विकसित होते हैं, वहीं सिद्धत्व के अनुपम अनिवार्य फल प्राप्त होते हैं।

बारह-विहु तउ तरु दुग्गइ-परिहरु ते पूजिज्जइ थिरमणिणा।
मच्छरु मउ छंडिवि करणइं दंडिवि तं पि धरिज्जइ गउरविणा।।

बारह प्रकार का यह श्रेष्ठ तपधर्म, जो दुर्गति का परिहारक है, उसे स्थिरमन वाला होकर पूजना चाहिए। मद एवं मात्सर्य का भाव छोड़कर, इंद्रियों का दमन कर इसे धारण करना चाहिए।

1. आदिपुराण, 18/25
2. महाकवि रइधू

प्रस्तुत **"तव-सारो"** नामक प्राकृत ग्रंथ परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी मुनिराज द्वारा रचित है, जो 111 गाथाओं में निबद्ध है। ग्रंथ का नाम ही ग्रंथ की विषयवस्तु का प्रस्तोता है। इस ग्रंथ में आचार्य भगवन् ने तप की आवश्यकता, महत्ता, स्वरूप व भेदादि का सुंदर वर्णन किया है। दृष्टांत देकर तत्त्व को पुष्ट करने का आचार्य गुरुवर का कौशल बहुत अद्‌भुत है। आचार्य भगवन् की देशना वा उपदेश वचन निर्गत हो वा शब्दानुबद्ध किन्तु उसमें उदाहरण व दृष्टांत देकर भव्यजीवों के हृदयंगम कराने की कला अनुपम है। उदाहरण स्वरूप इस ग्रंथ की एक गाथा यहाँ उल्लिखित है–

अप्पा - जलबिंदूदो, तवक्ककरे णिस्सरिदे हवंतो।
जिणत्त-सक्कधणूव्व दु, लोगत्तये सोहदि अप्पा॥17॥

जिस प्रकार जल की बूंदों से सूर्य की किरणों के निकलने पर आकाश में इंद्रधनुष शोभायमान होता है उसी प्रकार आत्मा रूपी जलबिंदुओं से तप रूपी सूर्य की किरणों के निकलने पर वह जिनत्व रूप इंद्रधनुष तीनों लोकों में सुशोभित होता है।

परम पूज्य आचार्य भगवन् अविच्छिन्न रूप से श्रुत पठन-पाठन व लेखन में निमग्न रहते हैं। उनकी श्रुत आराधना का फल श्रुत रूप में प्राप्त होना हम सभी के सौभाग्य व श्रेष्ठ पुण्य को दर्शाता है। इन ग्रंथों से मात्र हम ही नहीं अपितु भविष्य में युगों युगों तक भव्यजीव लाभान्वित होंगे। ये ग्रंथ संसार से पार कराने के लिए नाव के समान ही है।

परंपरागत रूप से प्राप्त हुए जिनेन्द्र प्रभु के उपदेश आत्मा को स्नापित करने हेतु निर्मल निर्झर के समान हैं। जिन ग्रंथों का अध्ययन कर पाठक के परिणाम उत्कृष्ट व विशुद्ध हो जाते हैं तो उन ग्रंथकर्ताओं के परिणामों की धवलता कैसी होगी? कई बार

पूज्य गुरुदेव के संबोधन का श्रवण कर ऐसी अनुभूति होती है जैसे किन्हीं केवली के पादमूल में बैठकर आत्मतत्त्व का उपदेश सुन रहे हों।

विश्व के समस्त प्राणियों के प्रति उनकी वात्सल्य से अनुस्यूत कल्याण की भावना उनमें साक्षात् भावी तीर्थंकर के स्वरूप का दिग्दर्शन कराती है। जिस प्रकार आचार्य भगवन् श्री वीरसेन स्वामी के निःसीम ज्ञान को देखकर भव्यजनों ने 'कलिकाल सर्वज्ञ' कहकर उनकी स्तुति की, उसी प्रकार भक्ति से ओतप्रोत हमारे शब्द 'श्रुतकेवली' के रूप में आपकी अभिवंदना करते हैं।

अध्ययन-अध्यापन के ये संस्कार हमने भी पूज्य आचार्य भगवन् से ही प्राप्त किए हैं। हे गुरुदेव ! मोक्षपर्यन्त आपके ये निर्मल विशुद्ध परिणाम हम निराबाध प्राप्त करते रहें। आपके निर्दोष पथ का अनुगमन करते हुए हम शीघ्र संयम के परम शाश्वत फल को प्राप्त करें।

प्रस्तुत ग्रंथ **'तव-सारो'** अर्थात् तपसार के संपादन में कोई त्रुटि रह गयी हो तो विज्ञजन संशोधित कर पढ़े, हंसवत् गुणग्राही दृष्टि से ग्रंथाध्ययन करें। जन जन के श्रद्धापुंज परमपूज्य राष्ट्रहितैषी संत अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य गुरुवर श्री वसुनंदी जी महाराज का संयम, तप, ज्ञान व साधना का सौरभ सहस्रों वर्षों तक विश्व को सुरभित करता रहे। गुरुवर श्री को आरोग्य लाभ हो एवं अपने लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करें। परमपूज्य गुरुवर श्री के चरणों में सिद्ध-श्रुत-आचार्यभक्ति सहित कोटिशः नमोस्तु! नमोस्तु! नमोस्तु!.....

''जैनम् जयतु शासनम्''

ॐ अर्हं नमः

आर्यिका वर्धस्वनंदनी

श्री शुभमिति फाल्गुन कृष्ण द्वादशी
श्री वीर निर्वाण संवत् 2550
गुरुवार 7.3.2024
अतिशय क्षेत्र तिजारा जी. (राज.)

तप का स्वरूप वर्णित करने वाली प्रथम प्राकृत कृति : तव सारो

डॉ. शैलेश कुमार जैन
उपमंत्री
अ.भा.दि.जैन विद्वत्परिषद्
मो. 7014029330
Email Id : jain-shailesh1983@gmail.com

तीन शब्द हैं–दुर्लभ, महादुर्लभ और अतिमहादुर्लभ। छहढाला की पहली ढाल में आता है 'दुर्लभ लहि ज्यों चिंतामणि' दशलक्षण धर्म की पूजन में आता है 'धारा मनुस तन महादुर्लभ' एवं 'अतिमहादुर्लभ त्याग विषय कषाय जो तप आदरैं' अर्थात् त्रस पर्याय की प्राप्ति दुर्लभ है, उसमें भी मनुष्य पर्याय की प्राप्ति महादुर्लभ है तथा मनुष्य पर्याय में भी विषय-कषायों के त्याग पूर्वक तप को अंगीकार करना अतिमहादुर्लभ है। ऐसे महादुर्लभ तप को ही प्रस्तुत कृति में विषय बनाया गया है।

कृति की प्रामाणिकता के लिए कृतिकार का प्रामाणिक होना अनिवार्य है। न्याय की व्यवस्था भी यही है–'वक्तुः प्रामाण्यात् वचनप्रामाण्यम्'। शास्त्र-स्वाध्याय का प्रचलित मंगलाचरण भी इसी पद्धति पर आधारित है, जिसमें पहले ग्रन्थ के मूल कर्ता से लेकर परंपरा-कर्ता तक का स्मरण किया जाता है तदुपरांत ये कहा जाता है कि उन सर्वज्ञ देवादि के वचनों के अनुसार सम्प्रति अमुक आचार्य महाराज ने इस कृति का प्रणयन किया है।

प्रस्तुत कृति के रचयिता अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी प.पू. आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज की कोई कृति उठा लीजिए, वे पद-पद पर

पूर्वाचार्यों का अनुसरण करते हुए ही पाये जाते हैं। इस कृति की भी सभी गाथाएँ पूर्वाचार्यों की वाणी का ही वर्धन करने वाली हैं, शब्द तो कालानुसार बदलते ही रहते हैं लेकिन भाव वही हैं, भावार्थ वही है और सार भी वही है। शब्दों की अपेक्षा ये एक ग्रन्थ है, पर भावों की या साधना की अपेक्षा देखा जाये तो एक श्रेष्ठ आचार्य के जीवन का तपाचार टंकित हो गया है। इस प्रकार की रचना का सबसे बड़ा लाभ तो स्वयं सच्चे साधक को ही पहले होता है। साधक सिर्फ लिखता ही नहीं है, वह जितना लिखता है, उससे ज्यादा स्वयं को लखता है। देश भर के विद्वान् इस बात के प्रत्यक्ष साक्षी हैं कि पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी महाराज ग्रन्थ लेखन के बाद उसकी वाचना संघस्थ साधुवृंदों, आर्यिकाओं, त्यागी-व्रतियों और विद्वानों के बीच करते हैं, यदि संशोधन अपेक्षित होता है तो संशोधन करते हैं, उसके बाद ही वे अपनी तरफ से उसी कृति को समाज को ये कहकर सौंप देते हैं कि मैंने अपने स्वयं के कर्मों के क्षय के निमित्त, परमानंद के प्रकटीकरण के लिए इस ग्रन्थ को पूर्ण किया है। आचार्य परमेष्ठी का यही तो लक्षण है-

दंसण-णाणपहाणे, वीरिय-चारित्तवर-तवायारे।
अप्पं परं च झुंझइ, सो आयरियो मुणी झेओ॥

अर्थात् जो मुनि, दर्शन और ज्ञान की प्रधानता सहित वीर्य, चारित्र व श्रेष्ठ तपाचार में अपने को व दूसरों को लगाते हैं, वे आचार्य परमेष्ठी ध्यान करने योग्य हैं। वस्तुतः धर्ममय जीवन व धर्म में ही आनन्द के नाम को सार्थक करने वाले परम पूज्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज को देखकर लगता है-

दिन-रात आत्मा का चिंतन मृदु-संभाषण में वही कथन।
निर्वस्त्र दिगम्बर काया से प्रकट हो रहा तव अंतर्मन॥

पूज्य श्री द्वारा 'गागर में सागर' भरने वाली उक्ति को चरितार्थ

करने वाली 111 गाथाओं में निबद्ध यह **'तव-सारो'** ऐसी प्रथम प्राकृत कृति है, जिसमें तप का स्वरूप, भेद और माहात्म्य का वर्णन आगमानुगामी होने के साथ-साथ वर्तमान के तपस्वियों और इच्छुकों के लिए सत्प्रेरक व अभीष्ट सिद्धि-दायक है। इस ग्रन्थ की अद्भुत विशेषता यह है कि इसमें प्राय: सभी गाथाओं में सोदाहरण वर्णन किया गया है, जो पाठक को सैद्धान्तिक सुगमता का साधक बनता है। कुन्दकुन्द भगवान् जैसे आचार्यों का अनुकरण करते हुए आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज ने अलौकिक उपलब्धि के लिए लौकिक दृष्टांतों का शानदार प्रयोग किया है। वैयावृत्ति की महिमा बताने वाला गाथा क्र. 89 का दृष्टांत प्रस्तुत है-

सिसूण मादु-पयं व, महच्चं सिप्पीइ सादि-बिंदू वा।
बीआण वर-भूमीव, वेज्जावच्च-मुहय-धम्माण॥

अर्थात् श्रमण व श्रावक दोनों धर्मों के लिए वैयावृत्ति वैसे ही महत्वपूर्ण है, जैसे शिशुओं के लिए माँ का दुग्ध, सीप के लिए स्वाती की बूँद, और बीजों के लिए उत्तम भूमि महत्वपूर्ण होती है।

दिगम्बर साधु के जीवन में तप इतना महत्वपूर्ण है कि आचार्य समन्तभद्र स्वामी जैसे तार्किक आचार्य रत्नकरण्डक श्रावकाचार में गुरु को तपोभृत व तपस्वी ('तपोभृतां' व 'तपस्वी स प्रशस्यते') कहते हैं।

हम सब सौभाग्यशाली हैं कि अमृत के जैसे वचनों से सिञ्चित करने वाले, अपने अद्भुत क्षयोपशम से जैन साहित्य को वृद्धिंगत करने वाले एक आदर्श आचार्य के रूप में आपका चरण सान्निध्य हमें मिलता है। 'तव-सारो' को यदि संस्कृत में पढ़ा जाये तो इसका अर्थ आपका सार भी हो सकता है, आपका अर्थात् पूज्य श्री के जीवन का सार। जो आपने जीवन में तप के बारे में अनुभव किया, उसे पूर्वाचार्यों की कसौटी पर कसते हुए शब्दों में गूँथ दिया।

ये भी सोने पे सुहागा जैसी बात है कि आपकी पुण्य मेधा से प्रसूत साहित्य को परिष्कृत व व्यवस्थित करने के लिए आपकी ही सुयोग्य शिष्या वात्सल्यमूर्ति आर्यिका वर्धस्व नंदनी माता जी हैं, जो अपने सातिशय क्षयोपशम से दर्शन, न्याय, साहित्य, आचार, पुराण, इतिहास आदि सभी प्रकार के ग्रन्थों का संपादन कर देती हैं। विद्वज्जगत् आपकी गुरु-भक्ति, प्रतिभा, विनय व वात्सल्य देखकर अभिभूत है। ऐसी पूज्य आर्यिका माता जी को सादर सविनय वंदामि। संघ के प्रत्येक साधु, आर्यिका, त्यागी-व्रती की अपनी-अपनी महत्वपूर्ण भूमिका है, उन सबके प्रति मैं त्रियोग शुद्धि पूर्वक यथायोग्य वंदना करता हूँ। इस कृति के रचयिता तपोभृताचार्य अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी श्री वसुनंदी जी महाराज के चरणों में बारंबार नमोऽस्तु!!!

अनुक्रमणिका

क्र. सं.	विषय	गाथा सं.	पृ. सं.
1.	मंगलाचरण	1-4	1
2.	ग्रंथ कथन प्रतिज्ञा	5	1
3.	आत्मशुद्धि के हेतु	6	2
4.	सद्ध्यान	7	2
5.	संयम भवन के अंग	8-10	2
6.	ग्रंथकार रुचि	11	3
7.	सम्यक् तप माहात्म्य	12	3
8.	गुणसंवर्द्धक तप	13-14	3
9.	योगी की संतुष्टि	15	4
10.	तप से आत्मा की शोभा	16-17	4
11.	तप से आत्मा निर्मल	18	5
12.	आत्मा का पोषक-तप	19	5
13.	आत्मवर्द्धक-तप	20	5
14.	शांत व ओजस्वी तपस्वी	21	5
15.	तप से आत्मशुद्धि	22	6
16.	तप भेद	23	6
17.	बाह्य तप स्वरूप व भेद	24-25	6
18.	बाह्य तप का प्रभाव	26-27	7
19.	आकांक्षा युक्त तप निष्फल	28-29	7

क्र. सं.	विषय	गाथा सं.	पृ. सं.
20.	बाह्यतप बिना अंतरंगतप शक्य नहीं	30	7
21.	उपवास तप	31	8
22.	उपवास के भेद	32-33	8
23.	नियम उपवास के पर्यायवाची	34	8
24.	यम रूप उपवास के पर्यायवाची	35	9
25.	उपवास के अन्य भेद	36	9
26.	सहेतुक व अहेतुक उपवास	37	9
27.	जप, सूत्रपाठादि उपवास नहीं	38	9
28.	तीर्थवंदनादि उपवास नहीं	39	10
29.	उपवास का फल	40	10
30.	पर्वों में उपवास फल	41-42	10
31.	उपवास काल	43	10
32.	अनशन तप में प्रसिद्ध	44	11
33.	ऊनोदर तप	45	11
34.	अनोदरतप भेद व स्वरूप	46-47	11
35.	ऊनोदरतप फल	48	12
36.	ऊनोदरतप में प्रसिद्ध	49-50	12
37.	जगपूज्य तपस्वी	51	12
38.	वृत्तिपरिसंख्यान तप	52	13
39.	द्रव्यापेक्षया वृत्ति	53	13

क्र. सं.	विषय	गाथा सं.	पृ.सं.
40.	क्षेत्रापेक्षया वृत्ति	54	13
41.	कालापेक्षया वृत्ति	55	14
42.	वृत्तिपरिसंख्यान व्रत में प्रसिद्ध	56	14
43.	रस परित्याग व्रत	57-58	14
44.	रसत्याग तप से इंद्रियजय	59	15
45.	रसत्याग से शुद्धात्मरस की प्राप्ति	60	15
46.	विविक्त-शैय्यासन तप	61	15
47.	आसन भेद	62	15
48.	आसन-विजय	63	16
49.	कायक्लेश तप	64	16
50.	कायक्लेश तप में प्रसिद्ध	65-66	16
51.	अंतरंग तप व भेद	67-68	17
52.	कषाय शमनकारक अंतरंग तप	69	17
53.	शुभध्यानादि का आधार-अंतरंग तप	70	17
54.	प्रायश्चित्त तप व भेद	71-74	17
55.	दोष त्याग प्रायश्चित्त पालन	75-76	18
56.	प्रायश्चित्त से चित्त शुद्धि	77-79	19
57.	विनय तप	80	19
58.	विनय माहात्म्य	81-82	19
59.	विनय के भेद	83	20

क्र. सं	विषय	गाथा सं.	पृ. सं.
60.	वैय्यावृत्ति तप	84	20
61.	भावी तीर्थंकर कौन?	85-86	20
62.	जिनशासन स्तंभ-वैय्यावृत्ति	87	21
63.	वैय्यावृत्ति कैसे?	88	21
64.	वैय्यावृत्ति की महत्ता	89-91	21
65.	वैय्यावृत्ति फल	92-93	22
66.	वैय्यावृत्ति न करने से हानि	94	22
67.	स्वाध्याय तप	95	22
68.	वाचना	96	23
69.	पृच्छना	97	23
70.	अनुप्रेक्षा	98-99	23
71.	आम्नाय	100	23
72.	धर्मोपदेश	101	24
73.	कायोत्सर्ग तप	102	24
74.	कायोत्सर्ग के भेद	103	24
75.	ध्यान का बीज-कायोत्सर्ग	104	24
76.	ध्यान तप	105-106	25
77.	अंतरंग तप में प्रसिद्ध	107	25
78.	ग्रंथपठन-फल	108	25
79.	अंतिम मंगलाचरण	109	26
80.	प्रशस्ति	110-111	26

आचार्य वसुनंदी मुनिराज कृत

तव-सारो

(तप सार)

मंगलाचरण

सिद्धाणं सुद्धाणं, अरिहाण गद-राय-दोस-मोहाण।
रयणत्तय-जुत्ताणं, णमो सय णिग्गंथ-साहूण॥1॥

शुद्ध-सिद्ध भगवंतों, रागद्वेष वा मोह से रहित अरिहंतों एवं रत्नत्रय से युक्त निर्ग्रन्थ साधुओं को सदा नमस्कार हो।

बारसंग-जिणवाणिं, सव्वजीवहिदयरं च जिणधम्मं।
णमंसामि जिणतित्थं, जिणचेइय-चेइयालयाणि॥2॥

द्वादशांग जिनवाणी माँ, सर्व जीवों का हित करने वाले जिनधर्म, जिनतीर्थ, जिनचैत्य व जिनचैत्यालयों को मैं नमस्कार करता हूँ।

थुवमि चरियचक्किं-संतिसिंधुं महातवसि-पायसिंधुं।
सिरिजयकित्तिं भारदगोरव - देसभूसण - सूरिं॥3॥

चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी मुनिराज, महातपस्वी आचार्य श्री पायसागर जी मुनिराज, अध्यात्मयोगी आचार्य श्री जयकीर्ति जी मुनिराज एवं भारत गौरव आचार्य श्री देशभूषण जी मुनिराज की मैं स्तुति करता हूँ।

सिदपिच्छिधारगं मे, पच्चक्ख-परमुवयारि-माइरियं।
खवगराय-सिरोमणिं, विज्जाणंद-गुरुं पणमामि॥4॥

मेरे प्रत्यक्ष परम उपकारी, श्वेतपिच्छि-धारक, क्षपकराज शिरोमणि आचार्य श्री विद्यानंद जी गुरुदेव को मैं प्रणाम करता हूँ।

ग्रंथ कथन प्रतिज्ञा

कम्मक्खयस्स परमाणंद-पगासणाए कित्तिस्सामि।
तवसारं जो कंखं, णिरुंभिदुं सुतवो पाणोव्व॥5॥

कर्मक्षय व परमानंद के प्रकटीकरण के लिए मैं उस 'तपसार' को कहूँगा जो सम्यक् तप, इच्छाओं के निरोध के लिए प्राण के समान है।

आत्मशुद्धि के हेतु

सगप्पसुद्धीए खलु, सद्दंसण-णाण-विराय-चरियाणि।
तवो झाणं च पहाण-हेदू कम्मणिज्जराए दु॥6॥

अपनी आत्मा की शुद्धि व कर्म-निर्जरा के लिए सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान, सम्यक् चारित्र, वैराग्य, तप व ध्यान प्रधान कारण हैं।

सद्ध्यान

सज्झाणं तव-अंगं, तं विणा णेव खयंति कम्माइं।
पमत्तादु पहुडि तवो, अजोगंतं दु मुणेदव्वो॥7॥

सद्ध्यान, तप का अंग है। उसके बिना कर्मों का क्षय नहीं हो सकता। प्रमत्त गुणस्थान से अयोगकेवली गुणस्थान तक तप जानना चाहिए।

संयम भवन के अंग

संजम-भवणस्स तस्स, तस्स अवि आहारोव्व सम्मत्तं।
कसाय-मंदत्तं चिय, सण्णाणं दु तस्स थंभोव्व॥8॥

सम्यक्त्व उस संयम रूपी भवन की नींव के समान है और उस सम्यक्त्व का भी आधार कषायों की मंदता है। सम्यग्ज्ञान उस संयम रूपी भवन के स्तंभ के समान है।

वेरग्गं भित्तीव दु, संजम-भवण-सिहरं दु सम्मतवो।
धया-कलसोव्व सय बे-सुहझाणाइं तवसिहरम्मि॥9॥

संयम भवन का शिखर सम्यक् तप है। वैराग्य उसकी दीवार के समान है। दो शुभ ध्यान (धर्म व शुक्लध्यान) उस तप रूपी शिखर पर ध्वजा और कलश के समान हैं।

सच्चरियं छायणं व, संजुत्तं इंद्रियदमण-समिदीहि।
धम्मथिरिमाए सेस-गुणा आवसिया वि जाणेज्ज॥10॥

इंद्रियदमन व समिति से युक्त सम्यक् चारित्र संयम रूपी भवन की छत के समान है। धर्म की स्थिरता के लिए शेष सात गुण व आवश्यक भी जानने चाहिए।

ग्रंथकार रुचि

मम चित्तं अणुरंजदि, तवे सज्झाए सया सज्झाणे।
अप्पसंतीए कुणमि, सुदकिड्डं विसुद्धीए हं॥11॥

तप, स्वाध्याय और सद्ध्यान में नित्य ही मेरा चित्त अनुरक्त होता है। आत्मशांति के लिए मैं विशुद्धिपूर्वक श्रुतक्रीड़ा करता हूँ।

सम्यक् तप माहात्म्य

उदर-रोय-हरणत्थं, उण्हजल-तक्क-दक्खाइ-समत्था।
जह काम-कसाय-मोह-इस्सादिं तह तवो खयिदुं॥12॥

जिस प्रकार गर्म जल, छाछ, मुनक्का आदि उदर रोग को दूर करने में समर्थ होते हैं उसी प्रकार सम्यक् तप काम, कषाय, मोह व ईर्ष्यादि को नष्ट करने में समर्थ होता है।

गुणसंवर्द्धक तप

जलसिंचणेण रुक्खो, वड्ढेदि चंदवड्ढणेण सिंधू।
उहयतववड्ढणेणं, जह तह सया सुद्धप्पगुणा॥13॥

जिस प्रकार जलसिंचन से वृक्ष व चंद्रवृद्धि से सागर का जल वृद्धि को प्राप्त होता है उसी प्रकार अंतरंग और बहिरंग दोनों तपों के वर्द्धन से शुद्धात्मा के गुण भी सदैव वृद्धिगत होते हैं।

सुक्कवणं पज्जलिदुं फुलिंगेगो अवि समत्थो जह तह।
उववासादी तवा दु, कामवियार-मालुंखेदुं॥14॥

जिस प्रकार सूखे वन को जलाने के लिए अग्नि का एक कण वा एक चिंगारी भी समर्थ होती है उसी प्रकार काम विकार को नष्ट करने के लिए उपवासादि तप समर्थ है।

योगी की संतुष्टि

मेह-वरिसाइ तिप्पदि, वसुहा णिद्धणो जहेच्छ-धणेणं।
जह मादुवच्छलेणं, बालो तह सुतवेण जोगी॥15॥

जिस प्रकार बादलों के बरसने से पृथ्वी, यथेच्छ धन प्राप्त कर निर्धन और माता के वात्सल्य से बालक संतुष्ट होता है उसी प्रकार सम्यक् तप से योगी संतुष्ट होता है।

तप से आत्मा की शोभा

अक्ककरसंजोगेण, णीरबिंदू भासेदि मोत्तिअं व।
उहयतवसंजोगेण, अप्पा सोहदि परमप्पा व्व॥16॥

जिस प्रकार सूर्य की किरण के संयोग से जल की बूंद मोती के समान प्रतिभासित होती है उसी प्रकार अंतरंग व बाह्य तप के संयोग से आत्मा परमात्मा के समान शोभायमान होती है।

अप्पा-जलबिंदूदो, तवक्ककरे णिस्सरिदे हवंतो।
जिणत्त-सक्कधणू व्व दु, लोगत्तये सोहदि अप्पा॥17॥

जिस प्रकार जल की बूंदों से सूर्य की किरणों के निकलने पर आकाश में इंद्रधनुष शोभायमान होता है उसी प्रकार आत्मा रूपी जलबिंदुओं से तप रूपी सूर्य की किरणों के निकलने पर वह आत्मा जिनत्व रूपी इंद्रधनुष के समान अर्थात् जिनेंद्र प्रभु के समान होती हुई तीनों लोकों में शोभा को प्राप्त होती है।

तप से आत्मा निर्मल

किण्हवण्णि-इंगालं, धवलं खडिआ व्व संदुमिय अणले।
जह तह तव-अग्गिम्मि हु, सिवोव्व अप्पादिसय-अमलो॥18॥

जिस प्रकार अग्नि में जलकर काला कोयला खड़िया के समान सफेद हो जाता है उसी प्रकार तप की अग्नि में तपकर आत्मा, अतिशय सिद्धों के समान निर्मल हो जाती है।

आत्मा का पोषक-तप

अण्णजल-फल-खीरादि-दिव्वामियत्थेहि पोसदि देहो।
णिम्मल-उहय-तवेहिं, जह तह सया पोसदि अप्पा॥19॥

जिस प्रकार अन्न-जल-फल-दुग्धादि दिव्य अमृत पदार्थों से देह का पोषण होता है उसी प्रकार निर्मल उभय (बाह्य व अंतरंग) तप से आत्मा संपोषित होती है।

आत्मवर्द्धक-तप

उव्वरग-वाउमादिं, लहिय उत्तम-मट्टिआ-जुद-महीइ।
रुक्ख-अदिसयविड्ढीव, विविहतवेहिं अप्पतरू वि॥20॥

जिस प्रकार उत्तम मिट्टी से युक्त पृथ्वी पर खाद, वायु आदि को प्राप्तकर वृक्ष अत्यंत वृद्धि को प्राप्त होते हैं उसी प्रकार विविध तपों से आत्मा रूपी वृक्ष भी संवर्धित होता है।

शांत व ओजस्वी तपस्वी

अक्क-सीयलो मूले, जह तह उण्ह-दित्ति-जुद-करा तस्स।
तवसीण संत-चित्तं, वरं तेजोज-कंतिवंतो॥21॥

जिस प्रकार सूर्य मूल में शीतल और उसकी किरणें ऊष्ण दीप्ति से युक्त होती हैं उसी प्रकार तपस्वियों का चित्त शांत होता है किन्तु वे बाहर से तेजस्वी, ओजस्वी और कांतिवान् होते हैं।

तप से आत्मशुद्धि

कणग-पहाणो सुज्झदि, अणलेणं जह परमकणगरूवो।
तह तवग्गिणा अप्पा, होदि सिद्धोव्व परमसुद्धो॥22॥

जिस प्रकार कनक पाषाण अग्नि से परम कनक (स्वर्ण) रूप शुद्ध होता है उसी प्रकार तप की अग्नि से आत्मा, सिद्धों के समान परम शुद्ध होती है।

तप भेद

बेविहो तवो णेयो, समये हिदत्थं भव्वजीवाणं।
बहिरब्भंतर-तवो य, कारणं दु अप्पसुद्धीए॥23॥

जिनशासन में भव्य जीवों के हित के लिए दो प्रकार के तप जानने चाहिए। वह बाह्य व अभ्यंतर तप आत्मशुद्धि का कारण हैं।

बाह्यतप स्वरूप व भेद

बहिदिट्ठीए दिट्ठं, मिच्छादिट्ठी जं कुणिदुं सक्का।
सो बहितवो हिदत्थं, उववासादी दु छव्विहा य॥24॥

जो बाह्य दृष्टि से देखा जा सकता है, जो मिथ्यादृष्टि भी करने में समर्थ है वह बाह्यतप सबके हित के लिए उपवास आदि छः प्रकार का कहा गया है।

उववास-अवमोदरिय-वित्तिपरिसंखाण-रसचाग-तवा।
विवित्त-सेज्जासणं च, कायकिलेसो दु बहिर-तवा॥25॥

उपवास, अवमौदर्य, वृत्तिपरिसंख्यान, रसत्याग, विविक्तशय्यासन और कायक्लेश, ये छः बाह्य तप हैं।

बाह्यतप का प्रभाव

बज्झ-तवेहिं देहो, रोयविमुक्को य सत्तिसंपण्णो।
सवरहिद णिमित्तं जिणसासणपहावणाए तहा॥26॥

छः बाह्य तपों से देह रोगों से मुक्त व शक्ति से युक्त होती है। ये बाह्यतप जिनशासन की प्रभावना और स्वपर हित का निमित्त हैं।

बहिरतवेण झिज्जेदि, भोयणासत्ती वियार-भावा य।
भोयविरत्ती वड्ढदि, अंतरंगतवाहारो सो॥27॥

बाह्य तप से भोजन में आसक्ति और विकारी भाव क्षीणता को प्राप्त होते हैं, भोगों से विरक्ति वृद्धि को प्राप्त होती है। वह बाह्य तप, अंतरंग तप का आधार है।

आकांक्षा युक्त तप निष्फल

संकिलेसभावजुदो, कुणदि बहितवं खयदि तस्स देहो।
जसं पदिट्ठं कंखदि, वड्ढंते विआरि-भावा य॥28॥

संक्लेश भावों से युक्त जो जीव बाह्य तप करता है उसकी देह ही नष्ट होती है और जो (तप से) यश व प्रतिष्ठा की आकांक्षा करता है उसके विकारी भाव वृद्धिंगत होते हैं।

सयलकम्मं खयेदुं, संवर-णिज्जराण बहि-तवं कुणदि।
सुद्धप्प-भावणाए, वड्ढदि असंखगुण-विसुद्धी॥29॥

जो संवर, निर्जरा व सकल-कर्मों के क्षय के लिए शुद्धात्मा की भावना से बाह्य तप करता है उसकी विशुद्धि असंख्यातगुणी वृद्धि को प्राप्त करती है।

बाह्यतप बिना अंतरंगतप शक्य नहीं

बहिकवाडुग्घाडणं, विणा अंतरकवाडुग्घाडणं दु।
जह तह असक्क-मंतर-तव-असक्कं बज्झ-मुविक्खिय॥30॥

जिस प्रकार बाहर के द्वारों को खोले बिना अंदर के द्वारों को खोलना अशक्य है उसी प्रकार बाह्य तप की उपेक्षा करके अंतरंग तप भी अशक्य है।

उपवास तप

चदुविह-आहारस्स दु, खज्ज-सज्ज-लेह-पेयाण णेयो।
कसायजुदपरिचागो, विसयणिवत्तिरूवुववासो॥31॥

खाद्य, स्वाद्य, लेह्य, पेय, इन चार प्रकार के आहार का कषाय के साथ त्याग करना विषयों से निवृत्ति रूप उपवास जानना चाहिए।

उपवास के भेद

सो उववासो दुविहो, जम-णियम-रूवं कुव्वंति साहू।
सल्लेहणाइ समये, सिवकंखी उहयरूवेणं॥32॥

वह उपवास दो प्रकार का है। साधु उसे यम रूप वा नियम रूप करते हैं। सल्लेखना के समय मोक्ष के आकांक्षी दोनों ही रूप से उपवास करते हैं।

कालमज्जादा-सहिद-उववासो णियमरूव-अणसणं च।
मरण-पज्जंताहार-चागो जमरूवाणसणं दु॥33॥

काल की मर्यादा से सहित उपवास नियम रूप अनशन या उपवास है और मरण-पर्यन्त आहार का त्याग यम रूप अनशन या उपवास है।

नियम उपवास के पर्यायवाची

साकंखं इतिरियं च अद्धाणसण-मवधिदयालणसणं।
णियमरूवाणसणं च, एगट्ठं सय मुणेदव्वं॥34॥

साकांक्ष, इतिरिय, अर्द्धानशन, अवधृतकाल अनशन और नियम रूप अनशन, ये सदैव एकार्थवाची जानने चाहिए।

यम रूप उपवास के पर्यायवाची

णिरवकंखं च जावज्जीवं सव्वाणसणं जमरूवं।
एगट्ठं णादव्वं, अणवधिदयालं अणसणं च॥35॥

निरवकांक्ष, यावज्जीवन, सवनिशन, यमरूप अनशन और अनवधृतकाल अनशन, ये सभी एकार्थवाची जानने चाहिए।

उपवास के अन्य भेद

भासिदं गणहरेहिं, दुविह-मणसणं अण्णपयारेणं।
सहेदुगं अहेदुगं, कारणं कम्मणिज्जराए॥36॥

गणधरों के द्वारा अन्य प्रकार से भी दो प्रकार के अनशन (उपवास) कहे गए हैं। वे सहेतुक व अहेतुक उपवास कर्म निर्जरा का कारण हैं।

सहेतुक व अहेतुक उपवास

केणं वि णिमित्तेण, जं अणसणं करिज्जेदि धम्मीहि।
तं सहेदुग-अणसणं, अहेदुग-मणसणं इदरं च॥37॥

धर्मियों के द्वारा किसी भी निमित्त से जो उपवास किया जाता है वह सहेतुक उपवास एवं इसके इतर अहेतुक उपवास कहलाता है।

जप, सूत्रपाठादि उपवास नहीं

महामंतजवफलं च, सुत्तपाढफलं भासिदं कयाइ।
अणसणतवफलं व चिय, किण्णु णेव अणसण-तवो ते॥38॥

महामंत्र के जप का फल, सूत्रपाठ का फल कदाचित् उपवास के समान कहा गया है किन्तु वे उपवास या अनशन तप नहीं हैं।

तीर्थवंदनादि उपवास नहीं

तित्थवंदणाए गुरु-सेवाए जिणदंसणेण लहदि वि।
उववासोव्व फलं चिय, भवी वरं ण ते उववासो॥39॥

भव्य जीव तीर्थवंदना, गुरुसेवा व जिनदर्शन से भी उपवास के समान फल प्राप्त करता है; किन्तु वे उपवास नहीं हैं।

उपवास का फल

अणसणेण जसकित्ती, बुद्धि-विगासो आरोग्ग-वड्ढणं।
पुण्ण-लाहो वदीणं, चित्तविसुद्धो अप्पसंती॥40॥

उपवास से व्रतियों के यशकीर्ति, बुद्धि का विकास, आरोग्य का वर्द्धन, पुण्य का लाभ व चित्त-विशुद्ध होता है और आत्मशांति की प्राप्ति होती है।

पर्वों में उपवास फल

जो को अवि भव्वुल्लो, पव्वदिणेसुं कुणेदि उववासं।
सक्कदि सुहभावेहिं, कुव्वेदुं सल्लेहणं सो॥41॥

जो कोई भी भव्यजीव पर्व के दिनों में उपवास करता है वह शुभ-भावों से सल्लेखना करने में समर्थ होता है।

अट्ठमीइ खयदि विही, चउद्दसीए अजोगावत्थं च।
पावदि पंचमगदिं च, पंचमीए उववासेणं॥42॥

अष्टमी के दिन उपवास से कर्म नष्ट होते हैं, चतुर्दशी के दिन उपवास के जीव अयोगकेवली वा सिद्धावस्था को प्राप्त करता है एवं पंचमी के दिन उपवास से पंचमगति को प्राप्त करता है।

उपवास काल

कइवय-णिग्गंथजदी, पव्वदिणेसुं कुणंति उववासं।
रोहिणी-आइ-वदेसु, ते सया कम्मणिज्जराए॥43॥

कई निर्ग्रन्थ यति, पर्व के दिनों में उपवास करते हैं और कई मुनिराज कर्मनिर्जरा के लिए रोहिणी आदि व्रतों में भी उपवास करते हैं।

अनशन तप में प्रसिद्ध

गुणणिही जंबुसामी, उसहो वीरो बाली बाहुबली।
सुदंसण-अणंतबला, रामादी अणसणे खादा।।44।।

श्रीआदिनाथ जी, श्रीमहावीर स्वामी, श्रीबाहुबली, श्रीराम, श्रीजंबूस्वामी जी, गुणनिधि मुनिराज, बालि मुनिराज, सुदर्शन मुनिराज, अनंतबलादि मुनिराज अनशन तप में प्रसिद्ध हुए।

ऊनोदर तप

विदिय-तव-ऊणोदरो, अहियमाहप्पं अणसणादो अवि।
कंखं णिरुंभिदु-मप्प-विसुद्धीइ णिज्जराइ खमो।।45।।

दूसरा तप ऊनोदर तप है। यह अनशनतप से भी अधिक माहात्म्य वाला है। यह ऊनोदर तप इच्छाओं के निरोध, आत्मा की विशुद्धि व कर्मों की निर्जरा में समर्थ है।

ऊनोदरतप भेद व स्वरूप

तिविह-ऊणोदर-तवो, उत्तम-मज्झिम-जहण्ण-भेयादो।
भासिदो गणहरेहिं, उदर-ऊणत्त-विअप्पादो।।46।।

उदर की न्यूनता के विकल्प से उत्तम, मध्यम और जघन्य के भेद से ऊनोदर तप गणधरों के द्वारा तीन प्रकार का कहा गया है।

तंडुलिगमेत्त-गहणं, वरो कवलेगूणमेत्तगहणं च।
उयरादो दु जहण्णो, मज्झे असंखभेया जाण।।47।।

एक चावल मात्र ग्रहण करना उत्कृष्ट ऊनोदर है, भूख से मात्र एक ग्रास कम ग्रहण करना जघन्य ऊनोदर है और मध्य में असंख्यात भेद जानने चाहिए।

ऊनोदरतप फल

होदि ऊणोदरेणं, अविवागी णिज्जरा णिग्गंथाण।
संवर-तच्चं लहिय वि, सिद्धा हविदुं सक्का तदा।।48।।

ऊनोदर तप से निर्ग्रन्थ मुनिराजों की अविपाकी निर्जरा होती है। वे संवर तत्त्व को प्राप्तकर तब उसी भव में सिद्ध होने में भी समर्थ होते हैं।

ऊनोदरतप में प्रसिद्ध

सुद्धोधणस्स पुत्तो, सिद्धत्थो णिग्गंथ-अवत्थाए।
कुव्वीअ ऊणोदरं, छ-वासंतं गोदम-बुद्धो।।49।।

राजा शुद्धोधन के पुत्र सिद्धार्थ वा गौतम बुद्ध ने निर्ग्रन्थ अवस्था में छः वर्ष तक ऊनोदर तप किया।

कवलचंदायणाइं बहुविह-वद मप्पभोयणेण जेहि।
करिदं ते णिग्गंथा, पसिद्धा ऊणोदर-तवम्मि।।50।।

जिन्होंने अल्पाहार से कवलचंद्रायण आदि बहुत प्रकार के व्रतों को किया वे सभी निर्ग्रन्थ मुनिराज ऊनोदर तप में प्रसिद्ध हुए।

जगपूज्य तपस्वी

अब्भावगास - आदावण - पडिमाइ - जोगधारगा जे दु।
कवलमेगं गहंता, जगपुज्जा समण-तवसी ते।।51।।

जो एक ग्रास मात्र ग्रहण करते हुए अभ्रावकाश, आतापन, प्रतिमादियोग धारण करते हैं वे सभी तपस्वी श्रमण जगपूज्य हैं।

वृत्तिपरिसंख्यान तप

जो कुणदि वित्तिं कडुअ, दव्व-खेत्त-यालाइ-मज्जादं च।
आहारं गहिदुं सो, वित्तिपरिसंखाण-जुत्तो य॥52॥

जो आहार ग्रहण करने के लिए द्रव्य, क्षेत्र, काल आदि की मर्यादा करके वृत्ति करते हैं, वे मुनिराज वृत्तिपरिसंख्यान तप से युक्त हैं।

द्रव्यापेक्षया वृत्ति

एग - बे - ते - चदु - पंच - आइ - वत्थुमेत्तगहण-माहारे।
दायगाइ-संखाणं, दव्वावेक्खा-वित्ती जाण॥53॥

आहार में एक, दो, तीन, चार या पाँच आदि वस्तु मात्र ग्रहण करना या दाताओं की संख्या करना द्रव्य की अपेक्षा वृत्ति जाननी चाहिए। अर्थात् आज आहार में ये एक अमुक वस्तु या दो आदि वस्तु ही लूँगा अथवा दो, तीन, चार आदि दाता पड़गाहन करेंगे तो आहार ग्रहण करूँगा इत्यादि द्रव्य की अपेक्षा वृत्ति है।

क्षेत्रापेक्षया वृत्ति

वीहि-रच्छा गाम-पुर-पट्टण-रज्ज-दोण-संवाहादी।
संखाइत्तु आहार-गहणं खेत्तवेक्खा-वित्ती॥54॥

गली, मौहल्ला, गाँव, नगर, पत्तन, राज्य, द्रोण व संवाहनादि की संख्या (वृत्ति) करके आहार ग्रहण करना क्षेत्र की अपेक्षा वृत्ति है। अर्थात् अमुक गली, मौहल्ला, गाँवादि में कोई पड़गाहन कर शुद्ध आहार देगा तो ग्रहण करूँगा अन्यथा नहीं, इस प्रकार की वृत्ति क्षेत्र की अपेक्षा वृत्ति कही जाती है।

कालापेक्षया वृत्ति

छ-आइ-घडिगंतरम्मि, करिस्सेदि पडिग्गहं तो हि गहमि।
आहार-मित्थं वित्ति-करणं कालवेक्खावित्ती॥55॥

